संख्याः– 03/तीस–1–2013–58(मेला)/12

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0रा0स0परिवहन निगम,
लखनऊ।

परिवहन अनुभाग–1

लखनऊः दिनाँक 14 जनवरी, 2013

विषयः– वित्तीय वर्ष 2012–13 में कुम्भ मेला इलाहाबाद 2013 हेतु नई बसों के क्रय के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अंशपूँजी विनियोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्याः 2244(2)रो/2012–19रो/कुम्भ मेला, दिनांक 27–12–2012 का सन्दर्भ ग्रहण करें।

2– उक्त के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में अनुपूरक मांग के माध्यम से परिवहन निगम के लिए अंशपूँजी के रुप में प्राविधानित धनराशि रु0–6,00,00,000/–(रुपये छः करोड़ मात्र) के सापेक्ष श्री राज्यपाल रु0–6,00,00,000/– (रुपये छः करोड़) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि के आहरण के लिए परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश को प्राधिकृत किया जाता है। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रश्नगत धनराशि का आहरण कर प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को उपलब्ध करायेंगे।

3– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2012–13 के अनुदान संख्या–43 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में ''लेखा शीर्ष'' 5055 सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय––190 – सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश 03– उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अंशपूंजी विनियोजन–30–निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या यू0ओ0–ई–9–32/दस–2013, दिनांक 14 जनवरी, 2013 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

भवदीय,

(संजय कुमार उपाध्याय)
उप सचिव।

संख्याः–30(1)/तीस–1–2013–58(मेला)/12, तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– आयुक्त परिवहन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5– वित्त नियन्त्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय,वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
6– निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
7– वैज्ञानिक–डी, बापू भवन, वेबसाइट में एन्ट्री करने हेतु।
8– नियोजन अनुभाग–4
9– वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–8/9
10– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय कुमार उपाध्याय)
उप सचिव।